CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 145 ▫ रायपुर, गुरुवार 19 जून 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## वक्फ संपत्तियों की फर्जी रजिस्ट्री की सीबीआई जांच कराने की तैयारी, जल्द राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजेगा बोर्ड

**रायपुर,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अतिक्रमण और फर्जी रजिस्ट्री का मामला सामने आया है। करीब 500 करोड़ रुपये की अतिक्रमित संपत्तियों की सीबीआई जांच की तैयारी कर रही है। इस संबंध में वक्फ बोर्ड राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजेगी। वहीं अतिक्रमित संपत्तियों पर हुए निर्माण पर बुलडोजर चलाने की भी तैयारी है।

दिल्ली से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू से मुलाकात कर रायपुर लौटे वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने कहा-किरण रिजिजू ने सभी दस्तावेज मांगे, सीबीआई जांच पर चर्चा हुई है। जल्द ही हम राज्य सरकार को सीबीआई जांच की अनुशंसा के लिए प्रस्ताव भेजेंगे। कई बार फर्जी रजिस्ट्री कराने वालों को नोटिस भेजा गया है।




### वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने अल्पसंख्यक मंत्री से की मुलाकात

छत्तीसगढ़ के राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजीजू से मुलाकात की। जिसमें उन्होंने नए वक्फ बिल और छत्तीसगढ़ राज्य में वक्फ संपत्ति के बारे में चर्चा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण हटाने कों लेकर की जा रही कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

### बीते दिनों निकाह को लेकर जारी किया आदेश

बीते कुछ दिनों पहले अध्यक्ष सलीम राज ने समस्त वक्फ संस्थाओं (मस्जिद, मदरसा, दरगाह) के मुतवल्लीयों के लिए आदेश जारी किया था। आदेश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में अब निकाह पढ़ाने के लिए ईमाम, मौलाना द्वारा जो नजराना या उपहार लिया जाता है वह 11 सौ रुपये से अधिक नहीं ले सकेंगे। सलीम राज के पास इसे लेकर कई शिकायतें मिली थीं जिसके बाद यह आदेश जारी किया गया है।

### शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

उन्होंने कहा कि इस्लाम में शरीयत का भी यह हुक्म है कि निकाह को आसान करें। पूरे प्रदेश में लगभग 800 से अधिक इमाम और मौलाना है जो निकाह पढ़ाने का काम करते हैं, यदि किसी इमाम या मौलाना द्वारा इस आदेश का उल्लंघन किया जाता है या किसी इमाम या मौलाना के खिलाफ इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एसीबी/ईओडब्ल्यू ने छत्तीसगढ़ के कारोबारी को किया गिरफ्तार

**रायपुर,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। झारखंड शराब घोटाले में एसीबी/ईओडब्ल्यू झारखंड ने छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्रवाई की है. ‹ष्टक्क की टीम ने लाभांडी स्थित सोसाइटी से कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार किया है. रायपुर कोर्ट में पेशी के बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जाएगा. बता दें कि झारखंड और छत्तीसगढ़ में हुए बहुचर्चित शराब घोटाले में कारोबारी सिद्धार्थ इस पूरे सिंडिकेट का 'बिचौलिया' है. ईडी को मिली सिंघानिया की डायरी से सिंडिकेट के नेटवर्क, लेन-देन और साजिश की परतें खुली है. सीबीआई पूरे मामले की जांच कर रही है.




झारखंड एंटी करप्शन ब्यूरो (‹ष्टक्क) द्वारा की जा रही जांच में अब तक यह सामने आया है कि इस घोटाले से राज्य को 38 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है. अधिकारियों के अनुसार यह राशि जांच के आगे बढ़ने के साथ और बढ़ सकती है. जांच में यह भी उजागर हुआ है कि छत्तीसगढ़ के कई कारोबारी इस घोटाले से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं.

## ब्रेकिंग न्यूज

### घर से 100 मीटर दूर मिली महिला की लाश, इलाके में फैली सनसनी

**बिलासपुर,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। घर से 100 मीटर दूर महिला का संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. यह घटना कोटा थाना क्षेत्र के खुरदूर गांव की है. पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है. जानकारी के मुताबिक, खुरदूर गांव के खार में लोगों ने खून से लथपथ कुंवरिया बाई की लाश देखी. कुल्हाड़ी से वार कर महिला की हत्या की गई है. घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट के साथ ही सर्च डॉग की मदद भी ली.घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है. घरेलू विवाद में कुंवारिया बाई की हत्या की आशंका जताई जा रही है. वहीं पुलिस की टीम गांव में रहने वाली कुंवारिया बाई की बहन और उसके बेटों से पूछताछ कर घर से गायब सदस्यों की पतासाजी कर रही है. हालांकि अब तक न तो हत्यारों के बारे में कोई जानकारी मिली है न ही हत्या के कारणों का पता चल सका है.

### तिरूपति के लिए उड़ान भरने वाला स्पाइजेट का विमान खराबी के कारण हैदराबाद लौटा

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (न्यूज चैनल)।अहमदाबाद एयर इंडिया विमान के क्रेश होने के बाद लगातार विमानों की तकनीकी खराबी के कारण आपातकाल लैंडिंग रकी खबरें आ रही हैं। एयर इंडिया विमान के गिर जाने के कारम 270 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी थी। तब से लेकर रोजाना तकनीकी खराबी या बम से उड़ाने की सूचना के बार काफी सावधानी बरती जा रही है। ताजा मामला हैदराबाद का है। जब तिरुपति के लिए रवाना होने वाला स्पाइसजेट का विमान बृहस्पतिवार को उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही किसी खराबी के कारण यहां हवाईअड्डे पर लौट आया। उड़ान संख्या एसजी 2696 को सुबह 6.10 बजे रवाना होना था। इसने सुबह 6.19 बजे उड़ान भरी और विमान को सुबह 7.40 बजे तिरुपति में उतरना था।




**चूहा- सुनती हो, कांग्रेस अब शराब महोत्सव मना रही है।**
**चुहिया- हां जी, क्यों नहीं.. अच्छी बड़ी आय तो शराब से ही मिलती है।**

## छत्तीसगढ़ में सक्रिय हुआ मानसून 28 जिलों में बारिश का अलर्ट

**रायपुर,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। मानसून पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो चुका है। मानसून के सक्रिय होते ही प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल चुका है। गरज चमक के साथ बारिश और वज्रपात की गतिविधियां तेज हो गई है। अब झमाझम बारिश होने वाली है। प्रदेश के 28 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण पश्चिम मानसून छत्तीसगढ़ के शेष भागों में आगे बढ़ चुका है। यानी कि पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो गया है। गंगीय पश्चिम बंगाल और उसके आसपास के इलाकों में एक निम्न दबाव का क्षेत्रफल बना हुआ है, जो कि ऊपरी हवा का चक्रवर्ती परिसंचरण बना हुआ है। यह 24 घंटे के दौरान झारखंड में धीरे-धीरे उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज हो गई हैं। अनेक जगहों पर हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं एक दो जगह पर भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। साथ ही मेघ गर्जनों के साथ वज्रपात की भी संभावना है। दूसरी ओर अगले तीन दिनों तक सरगुजा संभाग के जिलों में एक दो जगह पर भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है। बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में बिजली गिरने और आंधी-बारिश की स्थिति बन सकती है।



**राजधानी में पड़ेंगी बौछारे**-राजधानी रायपुर में आज गुरुवार को सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। बारिश की स्थिति बनी हुई है। दोपहर या शाम के समय गृह चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

**बीते दिनों ऐसा रहा मौसम**- पिछले 24 घंटे के दौरान उत्तर छत्तीसगढ़ के अधिकांश जगहों पर मध्यम बारिश दर्ज की गई है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दुर्ग में 35.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान भी दुर्ग में ही 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर वोटिंग जारी बंगाल में 30.64 और केरल में 30.15 फीसदी मतदान

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (न्यूज चैनल)। चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान चल रहा है। जिन सीटों पर मतदान हो रहा है, उनमें गुजरात की कादी और विसावदर विधानसभा सीट शामिल हैं। ऐसे ही केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर वोटिंग चल रही है। सुबह 11 बजे तक गुजरात की विसावदर सीट पर 28.15 फीसदी, कादी सीट पर 23.85 फीसदी, केरल की नीलांबुर सीट पर 30.15 फीसदी, पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर 21.15 फीसदी और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट 30.64 फीसदी मतदान हुआ। सुबह नौ बजे तक पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर 10.38 फीसदी और केरल की नीलांबुर विधानसभा सीट पर 13.15 प्रतिशत मतदान हुआ था। इससे पहले सुबह सात बजे पंजाब के लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में मतदान शुरू हो गया। कांग्रेस उम्मीदवार भारत भूषण आशु ने कहा कि लोग चुनाव प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। यहां आप ने संजीव अरोड़ा, कांग्रेस ने भारत भूषण आशु, भाजपा ने जीवन गुप्ता और ष्ठ ने परुपकर सिंह घुम्मन को उम्मीदवार बनाया है। उधर, पश्चिम बंगाल में नादिया के कालीगंज उपचुनाव के लिए मतदान केंद्र 171 पर मतदान जारी है। इस निर्वाचन क्षेत्र से टीएमसी की अलीफा अहमद, भाजपा के आशीष घोष और कांग्रेस के काबिल उद्दीन शेख उम्मीदवार हैं। केरल में नीलांबुर विधानसभा उपचुनाव में सरकारी लोअर प्राइमरी स्कूल, वीट्टीकुथ में मतदान केंद्र संख्या 184 पर मतदान शुरू हुआ। एलडीएफ ने एम स्वराज को, यूडीएफ ने आर्यदान शौकत को, जबकि भाजपा ने एडवोकेट मोहन जॉर्ज को उम्मीदवार बनाया है।



## सोनिया गांधी की तबियत को लेकर अस्पताल ने जारी किया हेल्थ अपडेट

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (न्यूज चैनल)। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, जिन्हें पेट से संबंधित समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उपचार के प्रति अच्छी प्रतिक्रिया दे रही हैं, लेकिन उनके डिस्चार्ज की तारीख अभी तय नहीं की गई है, पेट से जुड़ी समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। अस्पताल ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सोनिया (78) को 15 जून को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी पर उपचार का अच्छा असर हो रहा है। बृहस्पतिवार को सुबह जारी स्वास्थ्य अपडेट में उन्होंने कहा, ‘‘उनकी हालत स्थिर है और उनकी निरंतर देखभाल के तहत आज एक विशिष्ट आहार योजना शुरू की गई है। उन्हें कड़ी निगरानी में रखा गया है।’’सोनिया की हालत में लगातार सुधार हो रहा है, लेकिन अस्पताल ने अभी तक उनकी छुट्टी की तारीख तय नहीं की है। डॉक्टरों ने कहा कि उनके समग्र सुधार के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।



## ईरान में फंसे 110 भारतीय नागरिकों को दिल्ली लाया गया

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते युद्ध जैसे हालात के बीच भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऑपरेशन सिंधु की शुरुआत की है। इस विशेष अभियान के तहत भारत सरकार ने ईरान में फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित निकालने का कार्य तेज़ कर दिया है। राहत की पहली खबर गुरुवार सुबह तब आई, जब 100 से अधिक भारतीय छात्रों का पहला जत्था सुरक्षित रूप से दिल्ली पहुंचा।



वतन लौटे छात्रों ने वहां के हालात को दिल दहला देने वाला बताया। एक छात्र यासिर गफ्फार ने बताया, रात में हमारे ऊपर से मिसाइलें गुजरती थीं, आसमान में धमाके होते थे। हर वक्त डर का माहौल था। लेकिन जैसे ही भारत की ज़मीन पर कदम रखा, एक सुकून महसूस हुआ। छात्रों का कहना है कि हालात बिगड़ने के साथ ही उनकी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरू किया। कई छात्रों को पहले उत्तरी ईरान से निकालकर आर्मेनिया पहुंचाया गया, फिर वहां से कतर के रास्ते भारत लाया गया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ईरान में वर्तमान में करीब 4,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से लगभग 2,000 छात्र हैं। इन छात्रों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार लगातार ईरान और आर्मेनिया की सरकारों के संपर्क में है। उत्तरी इलाकों से अब तक 110 छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, इस्लामिक आज़ाद यूनिवर्सिटी और ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के सभी भारतीय छात्रों को पहले ही सुरक्षित ठिकानों पर भेज दिया गया है। शहीद बेहेश्ती यूनिवर्सिटी के छात्र कोम शहर की ओर रवाना किए गए, जबकि शिराज और इस्फहान यूनिवर्सिटियों से छात्रों की निकासी प्रक्रिया मंगलवार को जारी रही।

## सीजीएमएससी घोटाले में संचालक के पिता और साले की जमानत खारिज

**रायपुर,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रायपुर में सीजीएमएससी घोटाले में जेल भेजे गए मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा के पिता शांतिलाल और साला शुभम बारमेटा की अग्रिम जमानत को कोर्ट ने खारिज कर दिया। दोनों ने स्वयं को निर्दोष बताते हुए पूरे प्रकरण में किसी भी तरह की भूमिका नहीं होने का हवाला देते हुए झूठे प्रकरण में फंसाए जाने का आरोप लगाया। साथ ही फर्म का साइलेंट साझेदार बताते हुए जमानत दिए जाने का अनुरोध किया। अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए विशेष न्यायाधीश को बताया कि 660 करोड़ के घोटाले के मुख्य आरोपी शशांक के पिता शांतिलाल एवं अन्य मोक्षित कार्पोरेशन के साझेदार रहे हैं। उक्त सभी लोगों ने मिलकर उपकरण एवं रिएजेंट की आपूर्ति की। जांच के दौरान घोटाले में संलिप्तता को देखते हुए जमानत नहीं दिए जाने का अनुरोध किया। साथ ही बताया कि दोनों से पूछताछ करने के लिए ईओडब्ल्यू कई बार नोटिस जारी कर चुकी है। विशेष न्यायाधीश ने बचाव और अभियोजन पक्ष का तर्क सुनने के बाद जमानत आवेदन को खारिज कर दिया।




## सेंट्रल जेल पहुंचे भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री लखमा से की मुलाकात, अस्वस्थ होने पर जताई चिंता

**रायपुर,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा 15 जनवरी से जेल में बंद है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर के सेंट्रल जेल पहुंचे, जहां कवासी लखमा और विजय भाटिया से मुलाकात की. दोनों के अस्वस्थ होने पर बघेल ने चिंता जताई. पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कोर्ट के आदेश के बाद भी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कराने आरोप लगाया. उन्होंने कहा, समय बदलते देर नहीं लगता. सरकार व्यक्तिगत दुश्मनी के तौर पर व्यवहार कर रही. जेल में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कराना अमानवीय और निंदनीय है.




## बिजली का नया टैरिफ 1 जुलाई से होगा लागू, 20 पैसे तक प्रति यूनिट बढ़ सकती हैं दरें

**रायपुर,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। राज्य विद्युत नियामक आयोग में दो सदस्यों की नियुक्त के बाद अब टैरिफ रेट पर फैसला होने जा रहा है। नियामक आयोग ने नया रेट पर फैसला लेने के लिए 19, 20 जून को जनसुनवाई आयोजित कर रहा है। 19 जून को कृषि, गैर कृषि, घरेलू और गैर घरेलू उपभोक्ताओं को जनसुनवाई में बुलाया गया है। वहीं, 20 जून का इंस्डट्री, मांइस, रेलवे, स्टील उद्योग उपभोक्ता जनसुनवाई में अपनी बात रखेंगे। फिर जनसुवाई के कॉमेंट्स सीएसपीडीसीएल को भेजी जाएगी। एक सप्ताह में सीएसपीडीसीएल की रिपोर्ट आएगी। दोनों रिपोर्ट्स की समीक्षा के लिए चेयरमैन समेत तीन सदस्यीय विद्युत नियामक आयोग बैठक होगी और नया टैरिफ रेट तय करने पर निर्णय लिया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं के वर्तमान स्लैब में 15-20 पैस तक प्रति यूनिट रेट बढ़ने की संभावना है।




### जनसुनवाई के बाद नए टैरिफ रेट पर होगा फैसला

राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन हेमंत वर्मा ने कहा की विद्युत नियायक आयोग में सदस्यों की नियुक्त हो चुकी है। टैरिफ रेट तय करने से पहले 19, 20 का जनसुनवाई रखी गई है। उपभोक्ताओं के कॉमेंट्स सीएसपीडीसीएल को भेजे जाएंगे। वहां से रिपोर्ट आने के बाद समीक्षा की जाएगी। इसके बाद नया टैरिफ रेट जारी कर दिया जाएगा। जुलाई में नया टैरिफ लागू हो जाएगा।

**गत वर्ष जून में भी बढ़ा था रेट**- गत वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी (सीएसपीडीसीएल) ने नियामक आयोग को करीब 4500 करोड़ के नुकसान दिखाया था और जून वर्ष 2024 में भट्टी बिजली नियामक आयोग ने 20 पैसे बिजली दर बढ़ाई थी। सीएसपीडीसीएल ने इस वर्ष भी 4550 करोड़ का नुकसान दिखाया है, जिसके कारण अब फिर से 15-20 पैसे वर्तमान टैरिफ रेट में बढ़ोतरी के आसार हैं।

**सीएसपीडीसीएल ने वर्तमान टैरिफ रेट बढ़ाने का भेजा था प्रस्ताव**- सीएसपीडीसीएल ने वियामक आयोग को 4550 करोड़ का घाटा दिखाया है, जिसकी भरपाई के लिए सभी कैटेगरी के वर्तमान टैरिफ रेट बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा था। आयोग में लीगल और टेक्निकल सदस्य नहीं होने के कारण अब तक टैरिफ पर कोई फैसला नहीं हो सका था। 17 जून को आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के बाद टैरिफ पर फैसला लेने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। जुलाई माह से नया टैरिफ लागू होना निश्चित माना जा रहा है।

CMYK